विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश सं0–19 / 2023 / 3975 / 58–1–2022–2 / 1(22)10टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद अमरोहा के शहरी / ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत् विभागीय वेबसाईट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है । रिक्त पदों का वार्डवार / परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः–

क0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण / शहरी	रिक्त आंगनबाडी कार्यकत्री के पदो की संख्या
1	अमरोहा शहर	शहरी	14
2	अमरोहा देहात	ग्रामीण / शहरी	10
3	गंगेश्वरी	ग्रामीण / शहरी	22
4	गजरौला	ग्रामीण / शहरी	14
5	हसनपुर	ग्रामीण / शहरी	23
6	धनौरा	ग्रामीण / शहरी	25
7	जोया	ग्रामीण / शहरी	24
कुल योग			132

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा / वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड, बाल विकास परियोजना कार्यालय इत्यादि के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। साथ ही विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है ।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1– विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें ।

2– रिक्त पदों (आंगनबाडी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम् शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी ।

3– आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्राम सभा की स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा ।

4– आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि को न्यूनतम् 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

5– विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर ऑनलाइन फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य / स्वीकार्य नही किये जायेगें ।

6–विज्ञप्ति पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की 05 अप्रैल 2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी ।

7–उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **http://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है। साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद–अमरोहा ।

कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, अमरोहा ।

पत्र सं0 G-1209 / जि0का0अ0 / बा0वि0परि0 / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक 13 मार्च, 2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।

1–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।

2–जिलाधिकारी महोदय, जनपद–अमरोहा।

3–मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद–अमरोहा।

4–जिला सूचना अधिकारी, जनपद–अमरोहा को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने की कृपा करें।

5–समस्त चयन समिति सदस्य, जनपद–अमरोहा।

6–सम्पादक, दैनिक समाचार, अमर उजाला / दैनिक जागरण को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त विज्ञप्ति निर्धारित शासकीय दरों पर प्रकाशित करते हुये बिल इस कार्यालय को अबिलम्ब प्रस्तुत करने की कृपा करें।

7–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद–अमरोहा को इस निर्देश के साथ कि रिक्त केन्द्रों की विज्ञप्ति / सूची सूचना पट पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

13/03/024

(संजीव सिंह)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
जनपद–अमरोहा ।